संख्याः 1431/79–6–2010

प्रेषक,

रमेश चन्द्र धिल्डियाल,

संयुक्त सचिव।

उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,

उत्तर प्रदेश ।

शिक्षा (6) अनुभाग लखनऊः दिनांकः 04 अक्टूबर,2010

विषयः –मध्यान्ह भोजन योजनान्तर्गत कुक कम हेल्पर के मानदेय मद में वित्तीय स्वीकृतियों की केन्द्रांश एवं राज्यांश की तृतीय किश्त हेतु धन आबंटन के सम्बन्ध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण के पत्र संख्या–म0भो0प्रा0 /1643/2010 दिनांक 1–9–2010 के संबंध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि मध्याह्न भोजन योजनान्तर्गत शासनादेश संख्या–3026/79–6–09 दिनांक 26–12–2009 के द्वारा कुक कम हेल्पर को रू0 1000/–प्रतिमाह प्रतिरसोइया की दर पर मानदेय के रूप में भुगतान किए जाना निर्धारित किया गया है जिसमें केन्द्रीय सहायता रू0 750/– एवं राज्यांश रू0 250/– प्रति रसोइया होगा । अतएव भारत सरकार द्वारा अवमुक्त केन्द्रांश रू0 750/– प्रति रसोइया की दर पर जनपदों द्वारा उपलब्ध करायी गयी संख्या के आधार पर केन्द्रांश के तृतीय किश्त के रूप में रू0 1,86,35,87,250/– ( रूपये एक अरब छियासी करोड़ पैंतीस लाख सत्तासी हजार दो सौ पचास मात्र ) तथा अवमुक्त केन्द्रांश के सापेक्ष रू0 250/– प्रति रसोइया की दर पर जनपदों द्वारा उपलब्ध कराए गये संख्या के आधार पर राज्यांश की तृतीय किश्त हेतु रूपये 62,11,95,750/– ( रूपये बासठ करोड़ ग्यारह लाख पिन्चानवे हजार सात सौ पचास मात्र ) अर्थात कुल 2,48,47,83,000/–( दो अरब अड़तालीस करोड़ सैंतालीस लाख तिरासी हजार मात्र ) की धनराशि संलग्न विवरण के अनुसार अवमुक्त किए जाने पर श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति इस शर्त के अधीन प्रदान करते हैं कि उक्त धनराशि का व्यय कुक कम हेल्पर को निर्धारित दर से मानदेय अथवा वास्तव में भुगतान किए गये मानदेय , जो भी कम हो, तक सीमित रखा जायेगा।

2– इस धनराशि के लेखों के रख–रखाव की समस्त कार्यवाही जिलाधिकारी द्वारा सुनिश्चित करायी जायेगी तथा तीन–तीन माह के अन्तराल में व्यय विवरण/उपयोगिता प्रमाण पत्र निदेशक,मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण को उपलब्ध कराए जाएंगे ।

3– जनपदों द्वारा उक्त मद में प्राप्त वित्तीय स्वीकृति को ग्राम पंचायत के कार्यदायी संस्था होने की स्थिति में ग्राम शिक्षा निधि में उपलब्ध कराया जाएगा जबकि एनजीओ, वार्ड समिति , महिला समाख्या आदि द्वारा योजना के संचालन की स्थिति में

संबंधित कार्यदायी संस्था के इस प्रयोजन हेतु खोले गये खातों में उपलब्ध कराया जाएगा ।

4-- ग्राम शिक्षा निधि तथा कार्यदायी संस्था के बैंक खाते से कुक-- कम-- हेल्पर को मानदेय का भुगतान चेक के माध्यम से किया जाएगा एवं इस हेतु संबंधित कुक--कम--हेल्पर का बचत बैंक खाता खुलवाया जाना सुनिश्चित किया जाए ।

5— उक्त मद में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2010—11 के आय—व्ययक के अनुदान संख्या—71 के अधीन लेखा शीर्षक '2202—सामान्य शिक्षा—01—प्रारम्भिक शिक्षा—आयोजनागत—112—विद्यालयों में मध्याह्न भोजन का राष्ट्रीय कार्यक्रम—01—केन्द्रीय आयोजनागत/केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजनाएं—0103— कुकिंग लागत आदि (के.75/रा.25—के रा0)—20—सहायक अनुदान/अंशदान /राज सहायता' के नामे डाला जाएगा।

6— यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय सख्या—ई—11—2011 /दस—2010 दिनांक—4—10—10 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किए जा रहे हैं ।

संलग्नक—यथोक्त ।

भवदीय,

( रमेश चन्द्र घिल्डियाल )

संयुक्त सचिव।

पृष्ठांकन समसंख्यक(1)तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1— महालेखाकार,उ0प्र0, इलाहाबाद ।
2— निदेशक, मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण,उ0प्र0,लखनऊ।
3— समस्त मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी,उत्तर प्रदेश ।
4— वरिष्ठ शोध अधिकारी,शिक्षा विभाग ।
5— नियोजन विभाग अनुभाग—4,उ0प्र0 शासन ।
6— वित्त ई—11 अनुभाग,उ0प्र0 शासन ।
7— बजट अनुभाग—2,उ0प्र0 शासन ।
8— वित्त नियंत्रक,बेसिक शिक्षा परिषद, इलाहाबाद ।
9— संबंधित समस्त सहायक बेसिक शिक्षा निदेशक, उ0प्र0।
10— संबंधित समस्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0।
11— संबंधित समस्त वित्त एवं लेखाधिकारी, बेसिक शिक्षा विभाग।
12— राज्य परियोजना निदेशक, महिला समाख्या, उ0प्र0 लखनऊ।
13— गार्ड फाइल ।

आज्ञा से,

( रमेश चन्द्र घिल्डियाल )

संयुक्त सचिव।

| Sl. No. | Districts | No. of Cook-cum-Helper (General category) to be engaged in 2010-11 as per information given by Districts in AWP | Expected No. of Months during Oct'10-Mar'11 (as per school days) for due honrarium to the cook | Estimation of Honrarium for months given in Col 4 | Honrarium due as per Nos. in Col 3 for 3 months of 2nd Qtr (Jul'10 to Sep'10) | Funds already released for 3 months of 2nd Qtr (Jul'10 to Sep'10) as per no. of cook engaged earlier | Additional Funds for payment of Honrarium for 2nd Qtr for additional no. of Cook as per AWP | Total Funds due for release as 3rd Installment | Total Funds actually being released as 3rd Installment | Central Share Funds being released as 3rd installment (Rs Lac) | State Share Funds being released as 3rd installment (Rs Lac) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5=3*4*1000/100000 | 6 | 7 | 8=6-7 | 9=5+8 | 10 | 11=75% of 10 | 12=10-11 |
| 48 | Lucknow | 4238 | 6 | 254.2800 | 127.1400 | 39.3300 | 87.8100 | 342.0900 | 342.0900 | 256.5675 | 85.5225 |
| 49 | Mahoba | 2233 | 6 | 133.9800 | 66.9900 | 27.2400 | 39.7500 | 173.7300 | 173.7300 | 130.2975 | 43.4325 |
| 50 | Mahrajganj | 6975 | 6 | 418.5000 | 209.2500 | 49.6500 | 159.6000 | 578.1000 | 578.1000 | 433.5750 | 144.5250 |
| 51 | Mainpuri | 248 | 6 | 14.8800 | 7.4400 | 47.8200 | -40.3800 | -25.5000 | 0 | 0 | 0 |
| 52 | Mathura | 1211 | 6 | 72.6600 | 36.3300 | 32.4600 | 3.8700 | 76.5300 | 76.5300 | 57.3975 | 19.1325 |
| 53 | Mau | 3883 | 6 | 232.9800 | 116.4900 | 52.3200 | 64.1700 | 297.1500 | 297.1500 | 222.8625 | 74.2875 |
| 54 | Meerut | 3089 | 6 | 185.3400 | 92.6700 | 18.6600 | 74.0100 | 259.3500 | 259.3500 | 194.5125 | 64.8375 |
| 55 | Mirzapur | 5061 | 6 | 303.6600 | 151.8300 | 58.8000 | 93.0300 | 396.6900 | 396.6900 | 297.5175 | 99.1725 |
| 56 | Muradabad | 6683 | 6 | 400.9800 | 200.4900 | 83.2500 | 117.2400 | 518.2200 | 518.2200 | 388.6650 | 129.5550 |
| 57 | Muzaffarnagar | 4700 | 6 | 282.0000 | 141.0000 | 79.9800 | 61.0200 | 343.0200 | 343.0200 | 257.2650 | 85.7550 |
| 58 | Pilibheet | 4106 | 6 | 246.3600 | 123.1800 | 47.1000 | 76.0800 | 322.4400 | 322.4400 | 241.8300 | 80.6100 |
| 59 | Pratapgarh | 5538 | 6 | 332.2800 | 166.1400 | 66.0600 | 100.0800 | 432.3600 | 432.3600 | 324.2700 | 108.0900 |
| 60 | Rai Bareily | 7121 | 6 | 427.2600 | 213.6300 | 103.2900 | 110.3400 | 537.6000 | 537.6000 | 403.2000 | 134.4000 |
| 61 | Rampur | 3918 | 6 | 235.0800 | 117.5400 | 51.7500 | 65.7900 | 300.8700 | 300.8700 | 225.6525 | 75.2175 |
| 62 | Saharanpur | 4105 | 6 | 246.3000 | 123.1500 | 43.4100 | 79.7400 | 326.0400 | 326.0400 | 244.5300 | 81.5100 |
| 63 | Santkabir Nagar | 3321 | 6 | 199.2600 | 99.6300 | 32.7000 | 66.9300 | 266.1900 | 266.1900 | 199.6425 | 66.5475 |
| 64 | Shahjahanpur | 7049 | 6 | 422.9400 | 211.4700 | 123.6000 | 87.8700 | 510.8100 | 504.6900 | 378.5175 | 126.1725 |
| 65 | Shravasti | 2850 | 6 | 171.0000 | 85.5000 | 39.6900 | 45.8100 | 216.8100 | 216.8100 | 162.6075 | 54.2025 |
| 66 | Siddharthnagar | 5389 | 6 | 323.3400 | 161.6700 | 50.1300 | 111.5400 | 434.8800 | 434.8800 | 326.1600 | 108.7200 |
| 67 | Sitapur | 5738 | 6 | 344.2800 | 172.1400 | 198.5700 | -26.4300 | 317.8500 | 317.8500 | 238.3875 | 79.4625 |
| 68 | Sonbhadra | 3975 | 6 | 238.5000 | 119.2500 | 49.0200 | 70.2300 | 308.7300 | 308.7300 | 231.5475 | 77.1825 |
| 69 | Sultanpur | 7259 | 6 | 435.5400 | 217.7700 | 112.3200 | 105.4500 | 540.9900 | 540.9900 | 405.7425 | 135.2475 |
| 70 | Unnao | 5756 | 6 | 345.3600 | 172.6800 | 95.5800 | 77.1000 | 422.4600 | 422.4600 | 316.8450 | 105.6150 |
| 71 | Varanasi | 3829 | 6 | 229.7400 | 114.8700 | 18.9300 | 95.9400 | 325.6800 | 325.6800 | 244.2600 | 81.4200 |
| **TOTAL** | | **325051** | | **19503.0600** | **9751.5300** | **4426.1400** | **5325.3900** | **24828.45** | **24847.83** | **18635.8725** | **6211.9575** |

(रमेश चन्द्र घिल्डियाल)
संयुक्त सचिव,
बेसिक शिक्षा विभाग
उत्तर प्रदेश शासन